www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 नवम्बर, 2019 | वर्ष-12 | अंक-216 | पृष्ठ-14 | मूल्य - 4.00 रुपए

प्रदूषण नियंत्रण के लिए पानी छिड़काव के चलाया गया मुहिम

ग्रेटर नोएडा, 14 नवम्बर (देशबन्धु)। बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए गौड़ ग्रुप ने मुहिम चलाई है, जिसके तहत ग्रुप ने गौड़ मॉल, गौड़ सिटी टाउनशिप और गौड़ इंटरनेशनल स्कूल के आस पास टैंकर द्वारा पानी का छिड़काव किया गया। इस मुहिम में गौड़ इंटरनेशनल स्कूल के छात्र, शिक्षक, सभी कर्मचारी के साथ साथ मॉल व प्रोजेक्ट में कार्यरत सभी लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है। इस मुहिम से ग्रुप ने आम जनता को भी जागरूक करने का प्रयास किया है जिससे की वह अपने घरों और सोसाइटी के आस-पास पानी का छिड़काव करते रहे।

जिससे की प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सके। गौड़ ग्रुप द्वारा यह मुहिम कई दिनों से चलाया जा रहा है। गौड़ ग्रुप की डायरेक्टर मंजू गौड़ ने बताया कि शहर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए हमने इस मुहिम की शुरुआत की है, लगातार बढ़ते प्रदूषण से काफी लोग परेशान हैं और इससे स्वास्थ्य को भी काफी नुकसान पहुंच रहा है। ऐसी घड़ी में हम सबको आगे बढ़कर प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए कदम उठाना चाहिए। हम भी गौड़ सिटी मॉल व टाउनशिप में काफी दिनों से पानी के टैंकर द्वारा छिड़काव करते आ रहे हैं। बाल दिवस के मौके पर गौड़ इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने भी स्कूल के आस पास के परिसर में पानी का छिड़काव कर पूरे समाज को एक सन्देश देने की कोशिश की है।